दैनिक
न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना-राशिफल

रायगढ़, रविवार 07 अगस्त 2022
www.nyaysakshi.com


## संपादकीय

# आपदा में ऐसा अवसर

महंगाई से आम लोग परेशान हैं। लेकिन दुनिया की सबसे तेल कंपनियों के मुनाफे में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हो रही है। कच्चे तेल की महंगाई से उनकी तिजोरी भरती चली जा रही है।

दुनिया इस समय महंगाई से परेशान है। इस बार खास बात यह है कि ये समस्या सिर्फ गरीब या विकासशील देशों में नहीं है। बल्कि विकसित दुनिया भी उतनी ही मुश्किल में है। महंगाई का सबसे बड़ा कारण कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की रिकॉर्ड महंगाई है। असर यह है कि यूरोप में घरों को गर्म करने के लिए मिलने वाली गैस में कटौती हो रही है, जबकि यूरोप से लेकर अमेरिका तक में परिवहन महंगा हो गया है। जाहिर है, इस महंगाई से आम लोग परेशान हैं। लेकिन इसी दौर में दुनिया की सबसे तेल कंपनियों के मुनाफे में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है। कच्चे तेल की महंगाई से उनकी तिजोरी भरती चली जा रही है। गौरतलब यह है कि ये कंपनियां तिजोरी में आ रहे अरबों डॉलर का इस्तेमाल कारोबार बढ़ाने में नहीं कर रही हैं।

बल्कि उनका ध्यान अपने शेयरों के भाव बढाने पर है। तो हुई अधिक कमाई का इस्तेमाल ये कंपनियां शेयर बाई बैक करने में कर रही हैं। ताजा आंकड़ों के मुताबिक सबसे बड़ी तेल कंपनियों- बीपी, शेवरॉन, एक्सन मोबिल, शेल और टोटलएनर्जीज को साझा तौर पर इस वर्ष की दूसरी तिमाहीमें 60 बिलियन डॉलर का मुनाफा हुआ। तो अतिरिक्त कमाई का कुछ हिस्से का कंपनियों ने अपना कारोबार बढ़ाने में निवेश जरूर किया, लेकिन ज्यादातर रकम शेयर बाइ-बैक में खर्च कर दी है। पांच बड़ी तेल कंपनियों ने इस वर्ष से जनवरी से जून के बीच 20 बिलियन डॉलर शेयर बाइ-बैक पर खर्च किए। साल की दूसरी छमाही में उनके खर्च का यह ट्रेंड जारी रहने की संभावना है। उचित ही कंपनियों के इस रुख पर सवाल उठाए गए हैं। कहा गया है कि तेल कंपनियां अमेरिकी उपभोक्ताओं की बिना कोई परवाह किए सिर्फ अपने शेयरों के भाव बढ़ाने में जुटी हुई हैं। यहां तक कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन भी तेल कंपनियो के इस रुख की आलोचना कर चुके हैं। उन्होंने कहा है कि इन कंपनियों ने यूक्रेन युद्ध के कारण बढ़ी महंगाई को मुनाफा बढ़ाने का मौका बना लिया है। ब्रिटेन ने अपने यहां की तेल कंपनियों- बीपी और शेल- के 'असाधारण मुनाफे' पर विशेष टैक्स लगाने की घोषणा की है। यह उचित कदम है। दुनिया के अन्य देशों को भी इससे सबक लेना चाहिए।

# रिजर्व बैंक का फैसला वित्तीय क्षेत्र में स्थिरता पैदा करने वाला : एसबीआई चेयरमैन खारा




**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन दिनेश खारा ने नीतिगत दर बढ़ाने के भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नीतिगत वक्तव्य को मुद्रास्फीति में कमी लाने और वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने की उसकी प्रतिबद्धता के अनुरूप बताया है।

श्री खारा ने एक बयान में कहा, आरबीआई के नीति वक्तव्य ने मुद्रास्फीति को और नीचे लाने और बाजारों में वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। सिद्धांत रूप में, आरबीआई ने अपनी सुविधाजनक स्थिति का प्रयोग करते हुए महत्वपूर्ण (मौद्रिक) उपायों में सामंजस्य स्थापित करके यह सुनिश्चित किया है कि अर्थव्यवस्था रोजमर्रा की जिंदगी में मुद्रास्फीति के प्रभावों से अधिक से अधिक सुरक्षित बनी रहे।

उन्होंने कहा कि आरबीआई के ताजा विकासात्मक उपायों का उद्देश्य बड़े पैमाने पर जी-सेक (सरकारी प्रतिभूति) और विदेशी मुद्रा बाजार में व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करना है।

श्री खारा ने कहा कि भारत बिल भुगतान प्रणाली का प्रभाव मध्यम अवधि में लाभ दिखेगा।

गौरतलब है कि रिजर्व बैंक ने रेपो दर 4.90 प्रतिशत से 0.50 प्रतिशत बढक़र 5.40 प्रतिशत कर दिया है।

मिलवुड केन इंटरनेशनल संस्थापक और सीईओ निश भट्ट, अमेरिकी फेडरल रिजर्व और बैंक के बाद,आरबीआई ने भगोड़ा मुद्रास्फीति पर काबू पाने के लिए दरों में वृद्धि करने के लिए सूट का पालन किया है। बढ़ती मुद्रास्फीति चिंता का विषय बन गई है, यहां तक कि दुनिया भर के केंद्रीय बैंक विकास पर मुद्रास्फीति पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की प्रमुख अर्थशास्त्री माधवी अरोड़ा ने आरबीआई के निर्णय को, नीतिगत बढ़ाने का काम पहले निपटाने का एक और कदम बताया।

उन्होंने कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने रेपो दर को अन्य 0.50 प्रतिशत बढ़ाकर 5.40 प्रतिशत कर दिया और माना जाता सकता है कि आरबीआई का 'नरम नीतिगत रुख की वापसी पर ध्यान देने का' निर्णय अपरिवर्तित है।'

सुश्री माधवी के अनुसार आरबीआई का नीतिगत स्वर संतुलित है और यह जून के समान ही रहा, जिसका मुख्य लक्ष्य मुद्रास्फीति और बाहरी जोखिमों को कम करना है।

# आम लोगों को तोहफा, सेविंग्स अकाउंट पर अब ज्यादा ब्याज मिलेगा



**नई दिल्ली।** मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की बैठक के बाद रिजर्व बैंक ने पॉलिसी दरों में कई बदलाव किए और महंगाई और जीडीपी ग्रोथ को लेकर भी अपने अनुमान जारी किए। केंद्रीय बैंक ने रेपो रेट में 50 बेसिस प्वाइंट बढ़ोतरी कर दी है, अब रेपो रेट बढक़र 5.4 फीसदी हो गई है। रेपो रेट बढऩे के बाद बैंकों में डिपॉजिट पर ज्यादा ब्याज मिलेगी।

वहीं, फिक्स डिपॉजिट पर भी बैंक ब्याज की दर बढ़ा सकते हैं। हालांकि, रेपो रेट बढऩे से कार लोन, होम लोन की ईएमआई बढऩे की आशंका भी बढ़ गई है।

बैंक ने 2022-23 के दौरान रिटेल महंगाई दर 6.7 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है और जीडीपी ग्रोथ 7.2 फीसदी रहने का अनुमान रखा है। रिजर्व बैंक ने धान की खेती में आई कमी को लेकर आशंका जताई है। बैंक ने ग्रोथ और महंगाई को लेकर जो लक्ष्य रखा है, उसके लिए कच्चे तेल के औसत भाव को 105 डॉलर और सामान्य मानसून की संभावना को आधार माना है।

## भारत में पेटीएम डाउन : यूजर्स नहीं कर पा रहे ऑनलाइन पेमेंट, कंपनी ने ट्वीट कर बताई वजह

**नई दिल्ली ।** भारत में ऑनलाइन पेमेंट ऐप पेटीएम मनी की सर्विस आज ठप हो गई है, जिसके कारण यूजर्स को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐप खोलते ही सर्विस नॉट अवेलेबल प्लीज ट्राई अगेन लेटर का मैसेज स्क्रीन पर शो हो रहा है। कई लोगों ने रिपोर्ट्स की है कि उनका अकाउंट खुद ही ऐप से लॉगआउट हो गया है।

कई यूजर्स ट्विटर पर पेटीएम मनी को टैग करते हुए समस्या के बारे में बता रहे हैं। यूजर्स का कहना है कि उन्हें पेटीएम से पेमेंट करने में दिक्कत आ रही है क्योंकि ऐप ने काम करना बंद कर दिया है। पेमेंट भेजने पर सेशन टाइम आउट नजर आ रहा है। कई यूजर्स ने बताया कि कई जरुरी काम वह नहीं कर पाएं क्योंकि उनके सभी काम पेटीएम मनी से ही होते हैं।

हालांकि थोड़ी देर बाद पेटीएम के ट्विटर अकाउंट पर एक ट्वीट करके इसकी जानकारी शेयर की गई है। ट्वीट में बताया गया है कि ऐप में नेटवर्क एरर के चलते कई लोगों को लॉगइन करने में परेशानी आई और कई लोग पेमेंट भी नहीं कर पाए।

## सैमसंग इंडिया के चेयरमैन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी, ग्राहक की शिकायत पर कार्यवाई




**संभल ।** मोबाइल-टीवी समेत अन्य इलेक्ट्रोनिक उपकरण बनाने वाली मशहूर कंपनी सैमसंग को बड़ा झटका लगा है। सैमसंग को उपभोक्ता आयोग के आदेश का पालन न करना इतना भारी पड़ गया कि अब कंपनी के चेयरमैन की गिरफ्तारी की तलवार लटक गई है। दरअसल, संभल जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने सैमसंग इलेक्ट्रोनिक्स इंडिया के चेयरमैन के खिलाफ गैर-जमानत गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। इतना ही नहीं आयोग ने सैमसंग के चेयरमैन समेत मोबाइल विक्रेता के खिलाफ भी गैर जमानती वारंट जारी कर गिरफ्तारी का आदेश दिया है।

दरअसल, मामला कस्बा चंदौसी स्थित जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष फोरम का है। सैमसंग मोबाइल के ग्राहक के वकील देवेंद्र कुमार वार्ष्णेय ने बताया कि स्थानीय ग्राहक ने देहरादून से सैमसंग कंपनी का मोबाइल खरीदा था। मोबाइल में खराबी थी, अंडर वारंटी के बाबजूद कंपनी के सर्विस सेंटर ने ग्राहक से मोबाइल मुरम्मत के 8000 रुपए वसूल लिए। इसके बाबजूद मोबाइल में खराबी बरकरार रही, जिसके बाद ग्राहक ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष फोरम में शिकायत दर्ज कराई।

उपभोक्ता फोरम ने करीब एक साल पहले कंपनी को ग्राहक को मोबाइल की कीमत और मुरम्मत में वसूली गई राशि ब्याज समेत देने का आदेश दिया था। इसके बाद भी कंपनी ने ग्राहक को भुगतान न देकर आयोग के आदेश को अनदेखा किया, जिसके बाद ग्राहक ने फिर आयोग का दरवाजा खटखटाया। ग्राहक की शिकायत पर सुनवाई करते हुए आयोग ने सैमसंग इलेक्ट्रोनिक्स इंडिया के चेयरमैन और मोबाइल दुकानदार के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी कर दिया।

# राष्ट्रमंडल : चांदी से शुरुआत, साथ मिला ट्रिपल गोल्ड, पैरा पावर लिफ्टिंग और लंबी कूद में इतिहास



**बर्मिंघम।** राष्ट्रमंडल खेलों में कुश्ती में भी पदक की शुरुआत रजत पदक से हुई। भारतीय महिला पहलवान अंशु मलिक ने शुक्रवार को 57 किग्रा फ्रीस्टाइल स्पर्धा में रजत पदक जीतकर देश का कुश्ती में खाता खोला। उधर, भारतीय स्टार पहलवान बजरंग पूनिया ने पुरुषों की फ्रीस्टाइल 65 किग्रा स्पर्धा के फाइनल में कनाडा के लाचलानमैकनील को 9-2 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। भारतीय महिला पहलवान साक्षी मलिक ने भी 62 किग्रा के फाइनल में कनाडा की एना गोंडिनेज गोंजालेस को चित करके स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह साक्षी का राष्ट्रमंडल खेलों में पहला स्वर्ण पदक है। उधर, दीपक पूनिया ने पुरुषों के 86 किलो फ्रीस्टाइल वर्ग के फाइनल में पाकिस्तान के मोहम्मद इनाम को हराकर गोल्ड मेडल जीता।

### सुधीर को पुरुष हैवीवेट में रिकार्ड अंक के साथ गोल्ड

भारत के सुधीर ने यहां राष्ट्रमंडल खेलों की पैरा पावर लिफ्टिंग स्पर्धा के पुरुष हैवीवेट फाइनल में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। वह राष्ट्रमंडल खेलों की पैरा पावर लिफ्टिंग स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी है। उन्होंने अपने दूसरे प्रयास में 212 किग्रा वजन उठाकर रिकॉर्ड 134.5 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। सुधीर हालांकि अपने अंतिम प्रयास में 217 किग्रा वजन उठाने में नाकाम रहे। भारत के मुरली श्रीशंकर ने पुरुष लंबी कूद स्पर्धा में रजत पदक जीतकर इतिहास रचा लेकिन मोहम्मद अनीस याहिया 5वें स्थान पर रहे। श्रीशंकर राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुष लंबी कूद स्पर्धा में पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी हैं। स्वर्ण पदक के प्रबल दावेदार श्रीशंकर ने अपने पांचवें प्रयास में 8.08 मीटर की दूरी के साथ रजत पदक अपने नाम किया। स्वर्ण पदक जीतने वाले बहामास के लेकुआन नेर्न ने भी अपनी दूसरी कोशिश में 8.08 मीटर का ही सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। लेकुआन का दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रयास हालांकि 7.98 मीटर का रहा जो श्रीशंकर के 7.84 मीटर के दूसरे सर्वश्रेष्ठ प्रयास से बेहतर रहा जिसके कारण उन्हें विजेता घोषित किया गया।

# सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया से हारी भारतीय महिला हॉकी टीम, अब कांस्य के लिये खेलेगी




**बर्मिंघम।** आखिरी मिनटों में वंदना कटारिया के गोल के दम पर शानदार वापसी करने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम राष्ट्रमंडल खेलों के बेहद रोमांचक सेमीफाइनल में शूटआउट में आस्ट्रेलिया से 0 . 3 से हार गई और अब कांस्य पदक के लिये खेलेगी।

कांस्य पदक के मुकाबले में भारत का सामना न्यूजीलैंड से होगा। दसवें मिनट में ही रेबेका ग्रेइनेर के गोल के दम पर आस्ट्रेलिया ने बढत बना ली थी लेकिन इसके बाद गोलकीपर कप्तान सविता पूनिया की अगुवाई में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए भारतीय रक्षापंक्ति ने आस्ट्रेलिया को बांधे रखा । तोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम के लिये बराबरी का गोल 49वें मिनट में सुशीला के पास पर वंदना कटारिया ने किया ।

विवादित पेनल्टी शूटआउट में भारत के लिये नेहा, नवनीत कौर और लालरेम्सियामी गोल नहीं कर सकीं जबकि आस्ट्रेलिया के लिये एम्ब्रोसिया मालोन, एमी लॉटन और कैटलीन नोब्स के शॉट निशाने पर लगे ।

भारत को पहले क्वार्टर में छह पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन गोल नहीं हो सका । इसके बाद भारतीय रक्षापंक्ति ने जबर्दस्त प्रदर्शन करते हुए आस्ट्रेलियाई स्ट्राइकरों को कोई मौका नहीं दिया ।

## सबसे कम उम्र के परमवीर चक्र विजेता योगेंद्र यादव पर फिल्म बनाएंगी चित्रांगदा



चित्रांगदा सिंह बॉलीवुड की मशहूर अदाकारा हैं। उन्होंने अपने अभिनय से कई फिल्मों में समा बांधा है। एक्टिंग के अलावा प्रोडक्शन में भी उन्होंने अपनी किस्मत आजमाई है। अब वह भारतीय सेना के सबसे कम उम्र के परमवीर चक्र विजेता योगेंद्र यादव पर बायोपिक बनाएंगी। वाकई एक रियल लाइफ हीरो की कहानी को पर्दे पर देखना किसी रोमांच से कम नहीं होगा। यह एक ऐसा विषय है, जो हर किसी का ध्यान आकर्षित करेगा।

चित्रांगदा ने कैप्टन योगेंद्र पर बायोपिक बनाने के अधिकार हासिल कर लिए हैं। इस प्रोजेक्ट को लेकर अभिनेत्री चित्रांगदा काफी उत्साहित हैं। उन्होंने अपने बयान में कहा, मैं उन वास्तविक नायकों की कहानियां बताने के लिए बहुत उत्साहित हूं, जिन्हें कई बार भुला दिया जाता है, फिर भले ही वे अब भी हमारे बीच क्यों ना मौजूद हों। हमें उनकी यात्रा को ग्लोरिफाई करने की जरूरत है।

फिल्म के अधिकार दीपक सिंह के सह-स्वामित्व वाली कंपनी सीएसफिल्म्स के पास हैं। अब इस फिल्म में कौन-कौन से कलाकार नजर आएंगे, इसको लेकर कुछ भी नहीं बताया गया है। जल्द प्रोजेक्ट से जुड़ी विस्तृत जानकारी सामने आ सकती है। चित्रांगदा ने 2018 में सूरमा के साथ अपने प्रोडक्शन की शुरुआत की थी। इस फिल्म को अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। यह फिल्म भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान संदीप सिंह की वास्तविक जीवन की कहानी पर आधारित थी।

## इंडियन 2 से कट गया काजल अग्रवाल का पत्ता!



पॉपुलर अभिनेता कमल हासन की हाल ही रिलीज में हुई मूवी विक्रम ने बॉक्स ऑफिस पर बेहतरीन प्रदर्शन कर दिखाया है। लोकेश कनगराज के डायरेक्शन में बनी इस मूवी में कमल हासन के साथ विजय सेतुपति और फहाद फासिल बजी रहे। वहीं, सूर्या ने कैमियो रोल किया था। अब कमल हासन अपनी मूवी इंडियन 2 पर फोकस भी कर रहे है। शंकर के डायरेक्शन में बनने वाली ये मोवए वर्ष 2020 से आर्थिक कारणों से रुकी हुई थी। साथ में ये खबर आ रही है कि कमल हासन मूवी इंडियन 2 के लिए दीपिका पादुकोण को लेने के इच्छुक हैं। जिसके पूर्व कमल हासन की मूवी इंडियन 2 का काजल अग्रवाल भाग थीं। हालांकि, कुछ परिस्थितियों की वजह से वह फिल्म से पीछे हट चुकी है। ऐसा लगता है कि काजल अग्रवाल मैटरनिटी लीव के चलते खुद को मूवी से हटा लिया हो। रिपोर्ट के अनुसार, मेकर्स अब दीपिका पादुकोण या कैटरीना कैफ जैसी बड़ी एक्ट्रेसेस को ढूंढ रहे है।

## घर में बनाएं हर किसी की फेवरेट 'पनीर जलेबी'



स्वतंत्रता दिवस, जनमाष्टमी के मौके पर घर में तरह-तरह के पकवान बनाए जाते हैं, तो अगर आप भी इस मौके पर मीठे में कुछ बनाने की सोच रही हैं, तो पनीर जलेबी का ऑप्शन है बेस्ट।

**सामग्री :**

फुल क्रीम दूध डेढ़ लीटर, नींबू का रस डेढ़ चम्मच, मैदा- 1 चम्मच, बेकिंग पाउडर आधा छोटा चम्मच, नमक चुटकी भर, पानी- 3 कप, चीनी- 2 कप, घी- 2 कप

**विधि :**

- पैन में दूध उबलने के लिए रख दें। जब दूध में उबाल आ जाए तो उसमें नींबू का रस डालें। इससे दूध फटने लगेगा। इसके बाद इसे छान लें और इस छेने को किसी मलमल के कपड़े में बांधकर टांग दें, जिससे इसका पूरा पानी निकल जाए। अब इस छेने में मैदा, बेकिंग पाउडर और नमक मिलाकर सारी चीज़ों को अच्छी तरह मिला लें और करीब 20 मिनट के लिए फ्रिज में रख दें। उसके बाद मिश्रण को बाहर निकालें और उससे लंबी-लंबी रस्सी की तरह बनाकर जलेबियों का शेप दें।
- अब एक कढ़ाई में घी गर्म होने के लिए रख दें। जब घी अच्छे से गर्म हो जाए तो उसमें जलेबी को डालें और अच्छी तरह से फ्राई कर लें।
- इसी के साथ चाशनी तैयार होने के लिए रख दें। एक गहरे पैन में चीनी और पानी को तब तक उबालें जब तक कि वह गाढ़ी न हो जाए। चाशनी न ज्यादा गाढ़ी हो न ही पतली।
- जब चाशनी एक तार की हो जाए तो पनीर जलेबी को करीब 2-3 घंटे के लिए इसमें डालकर छोड़ दें। अब गरमागरम जलेबी सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 156

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रात:, सबेरा।

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 155 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | ■ | प | स | ■ | ■ |
| जा | त | ■ | थ | प | थ | पा | ना | ■ |
| य | र | का | नी | ■ | भ्र | ■ | र | श्मि |
| ब | घा | र | ■ | क | ष्ट | प्र | द | ■ |
| ■ | त | ना | त | नी | ■ | र्व | ■ | ब |
| अ | ■ | मा | ■ | ज | मा | त | ■ | ल |
| स | जा | ■ | ■ | ■ | ■ | क | ज | रा |
| बा | ■ | बे | स | हा | रा | ■ | ग | म |
| ब | गु | ला | ■ | रा | ज | दू | ■ | त |

## सू-दोकू- 156

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.155 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज मन हल्का रहेगा व कार्य योजना सफल रहेगी। अपने वाकचातुर्य से आप कार्य पूर्ण कर लेंगे। खेल जगत से जुड़े जातकों के लिए समय श्रेष्ठ है। यात्रा से लाभ संभव है। व्यापार-व्यवसाय में यश कीर्ति की वृद्धि होगी। समय पर कार्य करना सीखें। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

***वृष :*** आज आपका दिन मंगलमय होगा। वर्तमान समय शुभ फल देने वाला है। अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें, बने काम बिगड़ सकते हैं। कुछ जगह अपनी सोच को बदलें न कि दूसरों को सोच बदलने की कोशिश करें।

***मिथुन :*** आज आपका दिन मिश्रित उतार चढ़ाव वाला रहेगा। संतान के विवाह की चिंता रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। पूंजी निवेश से लाभ संभव है। राज कार्य से जुड़े जातकों के लिए समय मिश्रित फलदायी है।

***कर्क :*** व्यवसाय विस्तार की योजना सफल होगी। व्यर्थ की चिंता छोड़ दें। खाद्य पदार्थ से जुड़े जातकों के लिए समय अति श्रेष्ठ है। समय रहते पूंजी निवेश कर सकते है। धर्म कर्म में रुचि बढ़ेगी। स्वास्थ्य सुधार होगा।

***सिंह :*** आप के व्यवहार से सहकर्मी खुश होंगे। जीवन में नई उड़ान भरने का समय आया है, इसका लाभ लें। परिजनों से भेंट होगी। अनायास खर्च हो सकता है। सामाजिक कार्यक्रमों में भाग ले सकेंगे।

***कन्या :*** आज समय आपके साथ है । धनकोष में वृद्धि होगी। अपने करियर के प्रति गंभीर निर्णय लें। आत्म विश्वास की कमी के कारण गलत फैसले ले सकते हैं इसलिए आत्मविश्वास को प्रबल रखें।

***तुला :*** आज आप महत्वपूर्ण निर्णय लेने में सक्षम होंगे। लंबे समय से चले आ रहे पारिवारिक विवाद आज समाप्त हो जाएगा। महत्त्वपूर्ण कार्य निपटाने में लगे रहेंगे। छात्रों के लिए समय मेहनत करने वाला है। कहीं भी ज्यादा घमंड से नुकसान आप को ही होगा।

***वृश्चिक :*** आज आप प्रसन्न मुद्रा में रहेंगे। कार्य क्षमता में वृद्धि होगी। नौकरी की तलाश में भटकना पड़ेगा। आप कितना सोचते हैं, पर करते कितना हैं। इस पर ध्यान दें। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

***धनु :*** आज आपका दिन शुभ होगा । क्या करूं, क्या न करूं, इसी स्थिति से आप गुजर रहे हैं तो शांति से फैसले लें, जल्दबाजी में कोई भी कार्य न करें। वाहन क्रय करने का मन बना रहे है।

***मकर :*** आज स्वयं के लिए समय निकाल पाएंगे। आप दूसरों के लिए नकारात्मक न सोचें। अपने आहार पर नियंत्रण रखें। पेट संबंधित रोग हो सकता है। कम समय है, काम ज्यादा इसलिए मन लगा कर अपने कार्य में लग जाएं।

***कुंभ :*** आज आप सकारात्मक सोच से उन्नति कर पाएंगे। जो करना है उसके लिए आगे बढे। समय की कीमत समझे फालतू समय बर्बाद न करें। दूसरों की सीख में अपना नुकसान कर बैठेंगे। शांति से विचार कर कोई निर्णय लें।

***मीन :*** आज मानसिक सन्तुष्टि मिलेगी। कार्य की अधिकता के कारण जरूरी कार्य पूरे कम हो सकेंगे। उन्नति के पथ पर अग्रसर होंगे। अधिकारी वर्ग के लिए समय उत्तम है। दान पुण्य से मन को शांति मिलेगी। ऊर्जा बढाने पर बल देंगे। स्वास्थ्य लाभ होगा।